ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं

ॐ

ॐ पार्श्वनाथ ह्रीं नमः

चिन्तामणि ग्रन्थमाला शोध प्रकाशन पुष्प नः ३

नवरात्रि पूजा विधान

(पद्मावती शुक्रवारव्रत उद्यापन)
(हिन्दी)

गणधराचार्य कुन्थुसागर जी महाराज द्वारा विरचित

निर्देशन
परमविदुषी आर्यिका क्षेमश्री माता जी।

प्रकाशन :
चिन्तामणि ग्रन्थमाला शोध प्रकाशन
श्री दि० जैन मन्दिर जी
श्री १००८ चिन्तामणि भगवान् पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र
मौहल्ला सराय - रोहतक (हरियाणा) १२४००१

प्रथम संस्करण ११०० वि०नि०सं० २५१६ मूल्य : १० रु० सदुपयोग

सन् १९९३

चिन्तामणि ग्रन्थमाला शोध प्रकाशन
अतिशय क्षेत्र रोहतक

सम्पादन : डा० रामनिवास गुप्त, एम०ए०, आचार्य पी एच०डी०
(अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, वैश्य कॉलेज रोहतक)

प्राप्ति स्थान एवं कार्यालय
श्री दिगम्बर जैन मन्दिर जी
श्री १००८ चिन्तामणि भगवान पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र
मौहल्ला सराय, रोहतक (हरियाणा) १२४००१
प्राप्ति स्थान
श्री दिगम्बर जैन मन्दिर जी
भगवान पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र
ग्राम अडिन्दा, तहसील वल्लभनगर, जिला उदयपुर (राजस्थान)
कम्पोजिंग : सिद्धान्ता लेजर प्रिंटर्स, पुलिस लाइन के सामने, रोहतक। फोन : ७६७७६
मुद्रक : आचार्य प्रिंटिंग प्रेस, गोहाना रोड, रोहतक. फोन : 72374

दो शब्द

इस संसार में फँसे प्राणियों को दुःख ही दुःख नजर आता है। सुखी कोई नहीं है। अगर सुख चाहते हो तो धर्म का पालन करो। धर्म ही सुख प्रदान करने वाला है। वर्तमान में लोगों की धर्म में श्रद्धा घट गई है। कोई भी धर्म का पालन नहीं करना चाहता और सुखी होना चाहता है। अतीन्द्रिय सुख को प्राप्त करने के लिये भव्य प्राणियों को वीतराग-प्रणीत धर्म का पालन करना चाहिये। उससे आत्मशांति मिलेगी, शांति प्राप्त करने का दूसरा उपाय नहीं। अशान्ति से भरे हुए इस समाज को कैसे शांति पहुंचाई जाये ? वर्तमान में लोगों के अंदर अनेक प्रकार के रोग, शोक, धन-नाश, भूत, व्यंतर, डाकिनी, शाकिनी आदि की बाधा व जादू, टोना, टोक का जोर दिखाई पड़ता है। निसंतान होना आदि अनेक समस्याएँ हैं। लोग इन कारणों से थक चुके हैं, कोई रास्ता दिखाने वाला नहीं। इसलिये कुछ पीर, पैगम्बर, चण्डी, भैरव आदि के पास जाते हैं, अपनी श्रद्धा बिगाड़ कर धर्म में दोष लगाते हैं। इतना करने पर भी संकट नहीं टलता, दुःखी ही रहते हैं। मिथ्या देवों के पास तो चले जायेंगे किन्तु पद्मावती आदि देवों की पूजा अर्चना को मिथ्या समझेंगे। नियम है कि ये सम्यक्ती देव देवियां हैं, नियम से सम्यग्दृष्टि ही हैं। इनकी योग्यतानुसार इनकी सेवा, पूजा, वन्दना, करने में कोई दोष नहीं है। अनेक नगरों में, अनेक लोग अपनी समस्याओं को मिटाने के लिये संतोषी माँ का व्रत करने लगे हैं। यह तो और भी खराब हो गया, इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमारे यहां जैन सिद्धांत में पद्मावती माता का शुक्रवार व्रत है, इसको करें। बहुत कर भी रहे हैं लेकिन इस व्रत का उद्यापन नहीं है, सो उद्यापन कैसे करें ? नवरात्री में क्या करें ? इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए यह (नवरात्रि पूजा विधान) लोगों के उपकार के लिये लिख दिया है। इस विधान को नवरात्री में दस दिन में पूरा करें, जाप्यादि सब विधि विधानानुसार करें। प्रतिदिन सहस्र नाम के सौ-सौ अर्घ्य चढ़ाएँ। यह विधान शुक्रवार व्रत के उद्यापन रूप में भी हैं और नवरात्री में

नौ दिन की पूजा रूप में भी है। इस विधान से अवश्य ही अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान मिलेगा, शान्ति प्राप्त होगी, देवी अवश्य प्रसन्न होगी, आशीर्वाद मिलेगा, इसीलिये यह परिश्रम किया है।

लेकिन जिनको पद्मावती देवी के प्रति श्रद्धा है, वही इस विधान को करे, अन्यथा नहीं। श्रद्धा रहित कोई भी कार्य नहीं होता। शुक्रवार व्रत को तीन वर्ष करें। श्रावण महीने के चारों शुक्रवार उपवास या एकासन करें, फिर इस विधान के रूप में उद्यापन कर दें। यह विधान दस दिन में भी हो सकता है। समयाभाव में दो दिन या तीन दिन (शुक्रवार से रविवार) में भी पूरा कर सकते हैं। प्रतिदिन प्रथम कोष्ठ की पूजा करने से सभी मनोकामना पूर्ण होंगी। अपनी शक्ति अनुसार करें। शक्ति को छिपाएँ नहीं। भक्ति को मुख्यता दें, अवश्य ही देवी माँ प्रसन्न होगी, कोई कमी नहीं रहेगी। यह इस काल की कल्पवृक्ष के समान भव्यों को फल देने वाली है। यह महादेवी परम-दयालु है, जैन धर्म व उसके भक्तों पर स्नेह रखती है। जो इसको भक्ति व श्रद्धा से पुकारे उसका कार्य कर देती है। जिनधर्म द्रोहियों को शांत करके जैन धर्म का पालन करने वाला कर देती है। हे माँ, जगत के जीवों को शान्ति प्रदान करो।

इस विधान को छपवाने में रोहतक (हरियाणा) के श्रीमान् सेठ द्वीप कुमार जैन, शैलेश जैन, सतीश जैन, अजय जैन, ऋषभ चन्द जैन, अनिल जैन, सुरेन्द्र जैन, डा० रामनिवास गुप्त एवं अन्य सम्बद्ध सदस्यों ने भार संभाला। सभी महानुभावों को मेरा बहुत-बहुत आशीर्वाद। यह विधान मेरी परम शिष्या आर्यिका क्षेमश्री के आग्रह से बनाया गया है। उसने ही इस ग्रन्थ का आलेख तैयार करने में सहायता भी बहुत की। उसको भी मेरा आशीर्वाद। **श्रीमती सुगनमाला जैन** (माता सतीश जैन) एवं अन्य दानी व धर्मानुयायी विभूतियों ने आर्थिक सहायता देकर, ग्रन्थ के प्रकाशन में सहयोग करने की भावना व्यक्त की है, उन्हें भी मेरा सहर्ष आशीर्वाद।

ग० आ० कुन्थुसागर

सम्पादकीय

जीवन का अन्त मृत्यु है, लेकिन इसका लक्ष्य मोक्ष है। मनीषी कहते हैं, जीवन एक यात्रा है और मृत्यु क्षणिक विश्राम। जैसे कोई यात्री किसी पड़ाव पर थोड़ी देर आराम करके फिर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होता है, उसी प्रकार व्यक्ति भी मृत्यु के बाद पुनः जन्म लेकर इस यात्रा पर आगे चलता है। परन्तु विश्राम के बाद की यात्रा उसी बिन्दु से आरम्भ होती है, जहाँ पर पूर्व यात्रा समाप्त हुई थी। प्रायः देखा गया है, कुछ व्यक्ति जन्म से ही प्रतिभा-सम्पन्न, साधु स्वभाव, सदाचारी या भक्त होते हैं। यह सब अचानक नहीं हो जाता। जन्म-जन्म के संस्कारों का संचय धीरे-धीरे जीव को किसी लक्ष्य की ओर खींचता रहता है। यही कारण है कि कुछ लोगों में धर्म-प्रभावना अधिक होती है। ऐसे भी लोग हैं जो समाज में अपना स्थान बनाए रखने के लिए धर्म की चादर को ऊपरी तौर पर ओढ़ लेते हैं। वे जीवन-भर दुहरे व्यक्तित्व की मार सहते-सहते नरक के भागी बनते हैं। उनको समझ ही नहीं होती कि धर्म क्या है और यदि वे थोड़ा बहुत समझते भी हैं तो संयम और मर्यादा के अभाव में, तामसिक वृत्तियों की जकड़न का शिकार बन जाते हैं।

धर्म, मोक्ष का साधन है। जो व्यक्ति परोपकार करता है और स्वार्थ से परे रहता है, वही धार्मिक है। इहलोक और परलोक की सिद्धि के लिए लोक-मर्यादा और सदाचार का पालन अपेक्षित है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह इनके उपाय हैं। इन उपायों से लोक-जीवन में पीड़ा का निवारण होता है, इसीलिए इन्हें धर्म का अंग माना गया है। यदि सभी लोग झूठ बोलने लग जाएँ या हिंसा में लिप्त हों तो जरा सोचिए, हमारा जीवन कैसा होगा ? ऐसे जीवन की कल्पना से भी डर लगता है।

जीवन में मोक्ष की सिद्धि हेतु दो प्रकार के उपाय सुझाए गए हैं। इनमें एक मार्ग कठोर तपस्या का है। इस मार्ग को वे ही अपना सकते हैं जिन्हें संसार के प्रलोभन न सताएँ, जो ऐहिक जीवन के सुखों का त्याग करने को तत्पर हों, जिनमें इतना संयम हो कि समस्त इन्द्रियों की प्रवृत्तियों

का निग्रह कर सकें, जो प्राकृतिक सुख-दुखों की उपेक्षा करने में समर्थ हों और जिनकी दृष्टि का आधार मानवतावादी चिन्तन रहे। यह काम तपस्वियों का है। ऐसे साधक सर्वदा समाज के लिए पूज्य हैं। इनकी सद्भावना लोक-कल्याण का आधार है।

दूसरा उपाय भक्ति है। सांसारिक मनुष्य कठोर तपस्या करने में समर्थ नहीं हो पाते, अतः वे जिनभक्ति से, मुनियों एवं आर्यिकाओं की सेवा से कर्म बन्धन काटने तथा जिनशासन देवी-देवताओं में श्रद्धा रखने और पूजा करने से सदाचार का पालन करने से अपने कार्यों को सफल बना सकते हैं। इस भक्ति का आधार मन की वृत्तियों को एकाग्र करना है। मन की प्रवृत्ति को रोकना ही योग है। जब किसी एक विषय पर मन को संयमित कर लिया जाए तो मन की एकाग्रता कही जाती है। स्वाध्याय और देवी-देवताओं के प्रति प्रणति भाव से यह एकाग्रता शीघ्र सम्भव है। इसीलिए नवरात्रि पूजा विधान (शुक्रवार व्रत उद्यापन) आदि गृहस्थियों के लिए उपदिष्ट किए गए हैं। जब व्यक्ति दुविधा त्याग कर निर्मल मन होता है तो उसे जीवन का मार्ग सरल और सहज प्रतीत होने लगता है, परन्तु जब तक वृत्तियाँ चित्त पर हावी रहती हैं तो मनुष्य उन्हीं के अनुसार आचरण करता है। चित्त दर्पण के समान है और दर्पण पर जिस रंग के पुष्प रखे जाएँ, वह उसी रंग का दिखाई देता है। यदि दर्पण से पुष्प हटा लिए जाएँ तो वह अपने स्वाभाविक रूप में आ जाता है। यही स्थिति चित्त की वृत्तियाँ निरुद्ध हो जाती है तो मन निर्मल होता है। निर्मल चित्त की अनुभूति आनन्दमय होती है। भक्ति और पूजा के माध्यम से चित्त की यह निर्मलता सामान्य व्यक्ति भी प्राप्त कर सकता है। इस दृष्टि को ध्यान में रखकर प्रस्तुत पुस्तक में जो पूजा विधान दिया गया है, वह समस्त लोक के लिए कल्याणमय हो, यही हमारी कामना है।

श्री १०८ गणधराचार्य कुन्थुसागर जी के हम अत्यन्त आभारी हैं कि इन्होंने लोक-कल्याण हेतु इस पुस्तक की पाण्डुलिपि तैयार करके चिन्तामणि ग्रन्थमाला प्रकाशन, रोहतक को प्रदान की। इनका आशीर्वाद पाकर ही हम यह कार्य निर्विघ्न सम्पूर्ण करने में समर्थ हो पाए हैं।

डा० रामनिवास गुप्त

नवरात्रि पूजा विधान

मंडल नक्शा

१ उपर्युक्त ढंग से स्वस्तिक बनाकर, इसके ऊपर ह्रीं लिखे।

२ वलय के प्रथम रिक्त अंश में २४ ह्रीं बनाएँ। दूसरे से दसवें रिक्त स्थानों में प्रत्येक में एक सौ ह्रीं लिखें। ग्यारहवें स्थान में १०८ ह्रीं बनाएँ।

प्रस्तावना

'नवरात्रि पूजा विधान' (शुक्रवार व्रत उद्यापन), चिन्तामणि ग्रन्थमाला शोध प्रकाशन, रोहतक का तीसरा पुष्प है। वात्सल्य रत्नाकर, श्रमणरत्न, स्याद्वादकेसरी, जिनागम सिद्धान्त महोदधि, वादिभसूरि, सम्यक्ज्ञान दिवाकर प्रातः स्मरणीय पूज्य श्री १०८ गणधराचार्य श्री कुन्थुसागर जी महाराज ने श्रावक-श्राविकाओं के लिए मनवांछित् फल प्राप्ति हेतु इस ग्रन्थ का प्रणयन किया।

दिगम्बर आर्ष परम्परा में जिनशासन, यक्ष-यक्षिणी एवं देव-देवियों को पूजना, पंचामृताभिषेक करना, हरे फल व फूल पूजा में चढ़ाना तथा स्त्री-अभिषेक मान्य हैं। इन मान्यताओं के प्रमाण तिलोयपण्णति, ज्वालामालिनी कल्प, दशभिवतग्रन्थ, हरिवंश पुराण, पद्मपुराण, भैरव पद्मावती, प्रतिष्ठाशास्त्र, शिल्पशास्त्र, त्रिलोकसार, श्रीपाल चरित्र आदि में सर्वत्र उपलब्ध हैं। गणधराचार्य कुन्थुसागर जी महाराज ने 'शंका समाधान' व चिन्तामणि पुष्पांजलि में 'आगम देखें' तथा उपाध्याय कनकनन्दि जी महाराज ने 'जिनार्चना' में उपर्युक्त विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला है। कुछ जिज्ञासुओं का कहना है कि पंचामृताभिषेक के लिए शुद्ध सामान नहीं मिलता, हरे फल पूजा में अर्पित करने से दोष लगता है तथा स्त्री अभिषेक नहीं करना चाहिए क्योंकि नारी अशुद्ध होती है। इस प्रकार की भावना एकांगी एवं तर्कहीन है। पंचामृताभिषेक के लिए शुद्ध सामान मिल जाता है, उसे तैयार करने में श्रम के भय से अभिषेक का त्याग करना उचित नहीं। जब हरे फल खाने में कोई दोष नहीं तो उन्हें पूजा में अर्पित करने से दोष कैसे हो सकता है ? फिर नारी को अशुद्ध मानने में भी कोई औचित्य नहीं। स्त्रियाँ ही आचार्य और मुनियों को आहार देती हैं, वे आर्यिका भी बनती हैं, उनके बिना कोई विधान पूर्ण नहीं होता और सती मैना सुन्दरी ने भगवान का पंचामृताभिषेक किया था। इससे स्पष्ट होता है कि स्त्री के बिना इहलोक के जीवन में कोई गति नहीं। यदि उसे ही अशुद्ध मान लिया जाए तो शंकालुओं को ध्यान करना चाहिए कि वे तुरन्त गृहस्थ जीवन त्यागकर नारी से दूर कहीं पर्वत कन्दराओं में खो जाएँ। विचार और व्यवहार में द्वैधीभाव रखना श्रद्धा और भक्ति के विपरीत है। वस्तुतः अल्पज्ञ अथवा किंकर्तव्यविमूढ व्यक्ति ही अंधविश्वास और रूढ़िवादिता के आग्रह में द्वैधीभाव के शिकार हो जाते हैं। आश्चर्य का विषय है कि जब जिनेन्द्र भगवान के दर्शनमात्र से निकृष्टतम कर्म का प्रभाव ही क्षीण हो जाता है तो यह अशुद्धि नारी के दाय में ही क्यों आई ? वस्तुतः नारी को अशुद्ध मानकर, पुरुष के लिए ही शुद्धि और मुक्ति का आग्रह करने वाले, स्वमोह की व्याधि से पीड़ित हैं। प्रायः हीन भावना से ग्रस्त व्यक्ति, दूसरे को अकारण ही हीन घोषित करने को उद्यत रहते हैं। अतः उन्हें सलाह दी जाती है कि वे स्व के पिंजरे से मुक्त होकर उन्मुक्त आकाश की स्वस्थ वायु में विचरण करें।

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा विधान या किसी भी पूजा में सर्वप्रथम भगवान् का पंचामृताभिषेक किया जाता है, फिर समस्त देव-देवियों एवं यक्ष-यक्षिणियों को अर्घ्य देकर उनके आह्वान की प्रक्रिया होती है। भक्त और साधक प्रार्थना करते हैं कि उनके जीवन में विघ्नबाधा न आए और उन्हें सुरक्षा एवं शान्ति की सुखद स्थिति प्राप्त हो। गौतम गणधर द्वारा रचित 'ऋषि मण्डल विधान' में भी यक्ष-यक्षिणियों के सत्कार एवं प्रतिष्ठा को स्थान दिया गया है। परन्तु जहाँ वीतराग प्रभु की पूजा में द्रव्य अर्पण करते समय 'स्वाहा' शब्द का प्रयोग होता है, वहाँ देवी-देवताओं की पूजा में गृहाण, गृहाण कहा जाता है।

पूजा विधान में जहाँ तक 'ऊँ ह्रीं' मंत्र के उच्चारण का प्रश्न है, ऊँ शब्द परमेष्ठीवाचक है, ह्रीं का ह् वर्ण भगवान् पार्श्वनाथ का द्योतक है, र् धरणेन्द्र का वाचक है और ई वर्ण पद्मावती

चिन्तामणी भगवान पार्श्वनाथ क्षेत्र रोहतक

श्री दिग. जैन अतिशय क्षेत्र अणिन्दर पार्श्वनाथ
पो. अणिन्दा त. वल्लभ नगर जिला उदयपुर (राज.)

परम पूज्य गणधराचार्य १०८
श्री कुन्थु सागर जी महाराज

कमठोपसर्ग विजयी
श्री १००८ धरणेंद्र पद्मावति सहित पार्श्वनाथ भगवान

स्वर्गीय श्री कैलाश चन्द जैन
सुपुत्र स्व. ला. प्यारे लाल जैन की याद में समर्पित

माता का संकेत करता है। अतः धरणेन्द्र, पद्मावती सहित भगवान् पार्श्वनाथ का ध्यान करना चाहिए। ('प्रतिष्ठासारोद्धार' पृष्ठ ७३, श्लोक १७७)। जहाँ-जहाँ सिद्धक्षेत्र और अतिशय क्षेत्र हैं, वहाँ-वहाँ यक्ष-यक्षिणियों और देव-देवियों से भक्तों का कष्ट निवारण होता है। यह प्रकरण पद्मावती पूजा का विधायक है। इसी प्रकार धरणेन्द्र, यक्षपाल, क्षेत्रपाल आदि की पूजा का विधान भी है।

शासन देवी देवताओं के विषय में सर्वविदित है कि श्री देवसेनाचार्य, वामदेव पूज्य स्वामी, सकलकीर्ति, वसुनन्दि, रविषेणाचार्य, सोमदेव सूरि, श्री पात्र केशरी, नेमिचन्द्र स्वामी, समन्तभद्र, कुन्दकुन्द स्वामी, सिद्धान्त चक्रवर्ती आचार्यों ने आवश्यकता पड़ने पर शासन देवी-देवताओं का स्मरण करके आराधना की। संकट के समय इन्हीं देवी-देवताओं ने विपत्ति का निवारण किया। इन देवी-देवताओं का अनादर करना मिथ्यात्व का द्योतक है। वर्तमान में भी आचार्य एवं साधुवर्ग देवी-देवताओं को यथोचित मान्यता प्रदान करते हैं। श्री १०८ चारित्र चक्रवर्ती, समाधि सम्राट आचार्य शान्तिसागर जी, आचार्य वीरसागर जी, आचार्य प्रवर तीर्थ शिरोमणि सम्राट् आचार्य महावीरकीर्ति जी, आचार्य विमलसागर जी, आचार्य धर्मसागर जी, आचार्य देशभूषण जी, आचार्य सन्मतिसागर जी, आचार्य विद्यासागर जी, आचार्य विद्यानन्द जी, गणधराचार्य कुन्थुसागर जी, आचार्य वर्धमानसागर जी, आर्यिका रत्न ज्ञानमती माता जी, आर्यिका विजयमती माता जी, आर्यिका विशुद्धमति माता जी आदि शासन देवी-देवताओं में आस्था रखते हैं। आचार्यों का कथन है कि प्राचीन शास्त्रों में (जो कि भण्डारों में उपलब्ध हैं) लिखा है कि पार्श्वनाथ भक्त पद्मावती देवी भवावतारों में एक है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि जिनेन्द्रभक्ति जिनशासन देवी-देवता सम्यक् दृष्टि हैं। इन्हें नियम से अवधिज्ञान होता है, फलतः ये हमारी शक्ति और बुद्धि से परे कार्यों को सिद्ध कराने में समर्थ होते हैं। अतः धर्मध्यान की सिद्धि एवं सुख-समृद्धि के लिए भगवान् का पंचामृताभिषेक, हरे फल-फूल का अर्पण, स्त्री अभिषेक की मान्यता तथा सम्यक् दृष्टि-जिनशासन देवी-देवताओं एवं यक्ष यक्षिणियों की पूजा का अनुष्ठान करना चाहिए।

पूज्य गुरुवर गणधराचार्य कुन्थुसागर जी के चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए, आशा करते हैं कि प्रस्तुत ग्रन्थ 'नवरात्रि पूजा विधान' सभी भक्तों के लिए मंगलकारी होगा। इसका विधान करने या कराने पर व्याधि समाप्त होंगी और सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होंगी।

चिन्तामणि ग्रन्थमाला शोध प्रकाशन, रोहतक से शीघ्र ही 'कुन्थुवाणी' का प्रकाशन किया जा रहा है। हम गुरुवर के श्री चरणों में प्रार्थना करते हैं कि भविष्य में वे स्वलिखित ग्रन्थों के प्रकाशन का सौभाग्य हमें प्रदान करेंगे।

श्रीमती सुगनमाला जैन, पिथवाड़ा मौहल्ला, रोहतक एवं सभी अन्य दानियों के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस ग्रन्थ के प्रकाशन में सहयोग देकर कृतार्थ किया। हम चिन्तामणि ग्रन्थमाला की समस्त कार्यकारिणी व सदस्यगण एवं सम्पादक डा० रामनिवास गुप्त के भी हृदय से आभारी हैं, जिन्होंने पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन का कार्य किया।

अन्त में हम पाठकों से प्रार्थना करते हैं कि वे इस लघु प्रयास का स्वागत करेंगे और समय-समय पर अपने सुझावों से मार्गदर्शन करके चिन्तामणि ग्रन्थमाला को आर्थिक सहयोग देकर जिनवाणी की उपासना का लाभ उठाएँगे।

द्वीप कुमार जैन
अध्यक्ष

सतीश जैन
महामंत्री

कहाँ क्या है ?

ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं

नवरात्रि पूजा विधान

(पद्मावती शुक्रवारव्रत उद्यापन)

पद्मावती मण्डल पूजा विधान

पंचरंगों से नक्शों के अनुसार स्वच्छ धुला हुआ एक सुन्दर कपड़ा बिछाकर मंडल माँड दें, उस मण्डल वेदी पर पंच कलशों को [illegible] (मौली) धागा बाँधकर नारियल फल रखें। उन कलशों को माण्डले के ऊपर सजाएँ। केले के स्तंभ आशा-पाल के पत्तों की वन्दनवार लगाएँ, चँदोवा बाँधें और मण्डल को खूब सजाएँ। फिर मण्डल के आगे अभिषेक पीठ की स्थापना कर दें। यजमान धुले हुए वस्त्र पहनकर स्थापनापूर्वक पंचामृतभिषेक करें, शान्ति धारा करें, फिर अंगपोच्छन करके माँडले के ऊपर भगवान का स्थापन करें। भगवान के वाम भाग में एक टेबल लगाकर उस पर पद्मावती देवी की मूर्ति को सिंहासन पर विराजमान करें। पद्मावती देवी की मूर्ति को सुन्दर-सुन्दर वस्त्राभूषणों से सजाएँ, षोडशभरण पहनाएँ, पूजा प्रारम्भ करें, अंकुरारोपण करें। संकली करण, इन्द्रप्रतिष्ठा, मण्डल वेदी शुद्धि, पंचकुमार पूजा, दशदिक्पाल पूजा, महर्षि उपासनादि करके नवदेवता पूजा करें। फिर पार्श्वनाथ पूजा करें, धरणेन्द्र पूजा करें, उसके बाद मण्डल विधान प्रारम्भ करें। पद्मावती पूजा करें। जो-जो सामान वस्त्राभूषणादि लेकर आये हैं उन सबको पहले ही पहना दे। पूजा में नाम आने पर पुष्पांजलि क्षेपण कर दे, फिर प्रथम कोठे पर चौबीस भुजा का चौबीस अर्घ्य चढा दें। द्वितीय कोठे के ऊपर पद्मावती सहस्रनाम दस पूजाओं में से प्रथम दिन की पूजा के १०० अर्घ्य चढ़ा दें। पूर्ण अर्घ्य चढ़ाकर शान्ति पाठ विसर्जन कर दें। यह प्रथम दिन की पूजा हुई।

दूसरे दिन की पूजा में पंचामृत अभिषेक, संक्षिप्त सकलीकरण, नवदेवता पूजा, पार्श्वप्रभु पूजा, धरणेन्द्र पूजा, पद्मावती पूजा चौबीस भुजा के अलग-अलग अर्घ्य चढ़ा दें। शान्ति पाठ विसर्जन करें। इसी प्रकार प्रतिदिन

पूजा का क्रम रखें। मात्र सहस्रनाम का ही शतक बदलें, बाकी सब विधि दूसरे दिन की विधि के समान करें। दसों दिन इसी प्रकार करके पद्मावती सहस्रनाम के १००८ अर्घ्य १० दिन चढ़ाकर विधान समाप्त करें। होमादिक करके रथोत्सव करें। विधान समाप्त करे। सधर्मी जनों को भोजन कराएं। चतुर्विधि संघ को उपकरणादिक दान दे। शुक्रवार व्रत के उद्यापन में जो लिखा है उसी के अनुसार देन-लेन अपनी शक्तिनुसार कर दे।

विधान की सामग्री

मण्डल : १५ फुट लम्बे, १५ फुट चौड़े तख्त २$^{1}/_{2}$ फुट ऊँचे लगाएँ। १६ फुट लम्बा-चौड़ा एक सफेद कपड़ा लें। (स्थान के अनुसार मण्डल छोटा-बड़ा किया जा सकता है)। आधा-आधा किलो पाँच प्रकार के रंग लें।

५ बड़े लोटे, ५ सुपारी, ५ हल्दी की गांठें, सवा छह रुपये, १०० ग्राम पंचरंगा धागा, २००० नारियल, (मौसमी) पूजा की सामग्री ११ जोड़े, १०० किलो चावल, १० किलो बादाम, १ किलो लौंग, ५ किलो गोले की चिटकी लें। प्रतिदिन १५० अर्घ्य के अनुसार नैवेद्य अलग-अलग बना लें। १० किलो छुआरे आदि अष्ट द्रव्य का सामान लें। (प्रत्येक दिन अष्टद्रव्य में कोई भी हरा फल जैसे सेब, मौसमी, संतरा, केला, अनानास, आम आदि लें। श्रावक अपनी सामर्थ्यानुसार अर्घ्य चढ़ाएँ।)

जितने पूजा करने वाले जोड़े हों, उन्हीं के अनुसार सामग्री घटा, बढ़ा दें। बर्तन, दीपक आदि। अखण्ड दीपक के लिये १० किलो शुद्ध घी, रूई, एक दर्जन माचिस, विधानाचार्य के लिये दो धोती, दो दुपट्टे, दो बनियान आदि लें। झण्डारोहण के लिये केसरिया झण्डा हो। अंकुरारोपण के लिये ११ मिट्टी के सकोरे, सप्त प्रकार का धान्य (प्रत्येक २०० ग्राम), केसरी धोती, दुपट्टे, चौकी पाटे, मालाएँ, धूपदान आदि सब योग्य सामग्री विधानाचार्य तैयार करा दे। विधान में लिखा सभी सामान मोटे-मोटे रूप में है।

पद्मावती के श्रृंगार का सामान

५ मीटर की साड़ी, २ मीटर ब्लाउज के लिये, मुकुट, हार, चूड़ियाँ, कुण्डल, पायल, कंगन, जेवर का पूरा सैट, ५ बड़ी माला, कुंकुम, काजल, बिन्दी, इत्र, दर्पण, तेल, चुवेला, गजरा, बिछवा, तिलक, भीगे चने आधा किलो, नौ प्रकार की १-१ किलो मिठाई, आधा-आधा किलो नौ प्रकार की मेवा, नौ प्रकार के हरे फल, गन्ना (ईख), सुवर्ण कलश, ५ पान, ५ सुपारी, १०० ग्राम इलायची आदि। प्रतिदिन देवी का पंचामृत अभिषेक करके खूब सजा दें। सुवर्णादिक आभरण आदि श्रृंगार का सभी सामान प्रतिदिन नौ दिन तक मँगवाएँ, अपनी शक्ति अनुसार जैसा ला सकें वैसा करें।

पद्मावती मूल मंत्र का सवा लाख जाप करें और अन्त में इस मंत्र की दशांग आहुति दें, होम का सामान समिधादि विधानाचार्य से लिखा लें।

जाप्य मन्त्र

(१) ॐ आं क्रों ह्रीं क्लीं ह्रौं पद्मावत्यै, मम सर्वकार्य सिद्धिं कुरु, कुरु नमः।

सवा लाख या साढ़े बारह हजार इस मंत्र का विधि पूर्वक जाप करें। दशांग होम कुण्ड में आहुति दें। देवी आवश्यक कार्य सिद्ध करेगी।

(२) ॐ ह्रीं नमः।

अथवा इस एकाक्षरी पद्मावती देवी के मंत्र के सात लाख जाप करें। होम कुण्ड में दशांग आहुति दें। देवी आवश्य दर्शन या स्वप्न में दर्शन देगी या सर्वकार्य सिद्धि होगी।

(३) ॐ आं क्रों ह्रीं धरणेन्द्राय, ह्रीं पद्मावती संहिताय क्रों ह्रैं ह्रीं नमः।

इस मंत्र के सवा लाख जाप करने से सर्व कार्य सिद्धि होगी। यह सर्वकार्य सिद्धि मंत्र है। जैसा योग्य समझें, वही मंत्र लें और दस दिन में जाप कर लें।

नव रात्रि पूजा विधान में इन तीन मंत्रों में से किसी भी एक मंत्र का जाप करें, फिर दशांग आहुति दें।

पद्मावती देवी की आरती

ॐ जय जगदम्बे माता, देवि पद्मावति माता,
आरती करूँ मंगलमय, देवो सुख साता।। टेक।।
श्री पार्श्वनाथ शासन देवि हो, सिर पर प्रभु सोहे,। माता, सिर।।
कुक्कुट सर्पवाहिनी माँ के सहस्र नाम मोहे।।१।। ॐ जय।।

पोम्बुजपुर में आप विराजी अतिश अति भारी ।। माता, अति ।।
पुष्पों का वर प्रसाद देकर, आनन्द करतारी ।।२ ।। ॐ जय ।।
मथुरा के जिनदत्तराय की आप करी रक्षा ।। माता, आप ।।
रत्नत्रय की शोभा देती द्वादशांगदक्षा ।।३ ।। ॐ जय ।।
पद्मवर्ण पद्मासन पद्मा पद्महस्त सोहे ।। माता, पद्म ।।
पद्मवासिनी पद्मनयन की पद्मप्रभा मोहे ।।४ ।। ॐ जय ।।
नानामत में विविधनाम से आपकी भक्ती करे ।। माता, आप ।।
तारा, गौरी, वज्रा, प्रकृति, गायत्री नाम धरे ।।५ ।। ॐ जय ।।
कुंकुम, हल्दी, पान, सुपारी, चना, फूल, सजधार ।। माता, चना ।।
दीप, धूप, गंध, केला, श्रीफल, व्यंजन बहुत प्रकार ।।६ ।। ॐ जय ।।
पूर्ण कलश ले नारी सुहागिन इह विधि पूज रचाय ।। माता इह ।।
सुख सौभाग्य बढ़े सेवक का, मन वांछित फल पाया ।।७ ।। ॐ जय ।।

आरती श्री क्षेत्रपाल

करूँ आरती क्षेत्रपाल की जिन-पद सेवक रक्षपाल की ।। टेक ।।
विजय वीर अरु मणिभद्र की अपराजित्त भैरव आदि की ।। करूँ
सिरपर मणिमय मुकुट विराजै, कर में आयुध त्रिशूल जु राजै ।। करूँ
कूकर वाहन शोभा भारी, भूत प्रेत दुष्टन भयकारी ।। करूँ
लंकेश्वर ने ध्यान जो कीना, अंगद आदि उपद्रव कीना ।। करूँ
जभी आपने रक्षा कीनी, उपद्रव टारि शान्तमय कीनी ।। करूँ
जिन भक्तन की रक्षा करते, दुख दारिद्र सभी भय हरते ।। करूँ
पुत्रादि वांछा पूरी करते, इसलिए हम आरती करते ।। करूँ
।। श्री पद्मावती देवी प्रसन्न ।।

सप्त शुक्रवार व्रत विधान तथा कथा

मगध देश में राजगृह नगर के पास विपुलाचल पर श्री महावीर स्वामी का समवरण आने का समाचार, महाराज श्रेणिक ने वनपाल के मुख से सुना और हर्षित होकर महारानी चेलना के साथ सपरिवार वहाँ पहुँचे।

बड़े भक्तिभाव से जय-जयकार करके तीन प्रदक्षिणाएँ देकर श्री वीर प्रभु को त्रिवर नमोऽस्तु किया। फिर वे बारह सभा के मनुष्यों के कोटे में बैठ गये। भगवान की दिव्य ध्वनि, श्री गौतम गणधर की वाणी से सुनकर राजा-रानी ने भक्तिभाव से आनंदित होकर हाथ जोड़ विनती की, हे भगवन्। संसार में दम्पती को अखण्ड सौभाग्य प्राप्त करने के लिये क्या करना चाहिए? इस विषय में कोई एक कथा हमें सुनाइये। तब भगवान के मुख से वाणी निकली। प्राचीन काल में सौराष्ट्र देश में परिभद्रपुरी नाम का नगर था। वहाँ विकारमाप्ता नामक तेजस्वी, महापराक्रमी, न्यायी, धर्मी व प्रजावत्सल राजा था। उसके बहुत रानियाँ थीं। उनमें भूमिभुजादेवी पटरानी पतिव्रता, चतुर व कार्यकुशल थी, इसलिये राजा को मंत्री की तरह सहायता देती थी। दोनों ने अपने राज्यमें खूब धर्म प्रभावना की। उसकी नगरी में श्रुणुयात नाम का एक दरिद्र व्यापारी था। उसकी पत्नी का नाम रुक्मावती था। उसकी जैन धर्म में बहुत श्रद्धा व भक्ति थी। पाप के डर से उससे कोई बुरे कार्य नहीं होते थे। घर में दरिद्रता के कारण वह दुखी थी, इसलिये उसे किसी के पास जाकर बैठना बुरा लगता था और अपने घर में जो था उसी में सन्तुष्ट थी। अपनी बुरी स्थिति के कारण वह किसी से नहीं बोलती थी। अधिक संतान होने के कारण उनकी देखभाल में उसका सारा दिन बीत जाता था। वह सन्तान की इच्छापूर्ति तथा पालन-पोषण में असमर्थ थी। इस दुख से छुटकारा पाने की रात-दिन उसे चिन्ता रहती थी। इससे उसका शरीर दुर्बल हो गया था। क्या करूँ, कहाँ जाऊँ, उसे कुछ समझ में नहीं आता था। एक दिन पड़ोसिन ने आकर उसे समझाया, देखो। आज भाग्य का दिन निकला है। ऐसा कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं। गाँव के बाहर बगीचे में श्री विजयाभिनन्दन नाम के मुनीश्वर आये हैं। उनके दर्शनों के लिए गाँव के स्त्री-पुरुषों की भीड़ लग रही है। वे बहुत ज्ञानी हैं तथा भक्तों को हितकारी उपदेश देते हैं, सो हम भी उनके दर्शनों का लाभ लें और इहलोक परलोक के हित को साधकर सद्गति प्राप्त कर लें। इसलिये मैं तुझे बुलाने आई हूँ। तेरी इच्छा हो तो मेरे साथ चल। यह सुनकर रुक्मावती को अत्यन्त हर्ष हुआ। चिंतित मन में शांति हुई। घरेलू दुःखों से छूटने का मार्ग मिले और शांति सुख की प्राप्ति हो, इस भावना से वह उस स्त्री के

साथ जाने को निकली। वहाँ पहुँचकर उसने देखा कि दर्शनों की प्रतीक्षा में अपार जनसमुदाय श्री विजयाभिनन्दन मुनिराज के सामने जय-जयकार कर रहा है। विमान से पुष्पवृष्टि हो रही है। यह दृश्य देखकर रुक्मावती का मन प्रफुल्लित हुआ। उसने मुनीश्वर को सादर नमस्कार किया और श्राविकाओं की सभा में जाकर बैठ गई। मुनीश्वर ने उपदेश प्रारम्भ किया। उसे सुन वह इतनी खुश हुई कि अपने बाल-बच्चों, घर-बार व संसार को भूल गई। मुनिराज ने अपनी अमृतवाणी से सात तत्व का वर्णन किया, जीव तत्व का महत्व समझाया, अनादि संसार के सुख-दुःखों का वर्णन किया, जीव के हित का मार्ग बतलाया और अखण्ड शोभा बढ़ाने वाली व अत्यन्त सुख देने वाली सप्त शुक्रवार व्रत की क्रिया बतलाई। वह क्रिया रुक्मावती ने ध्यानपूर्वक सुनी। वह क्रिया इस प्रकार थी -

विधान - श्रावण महीने में प्रत्येक शुक्रवार को उपवास अथवा एकाशन करें, शक्ति अनुसार पूजा सामग्री लेकर श्री जिन मंदिर में जाकर दर्शन स्तुति स्तोत्रादि द्वारा भगवान की भक्ति करें और १००८ श्री पार्श्वनाथ तीर्थंकर की, श्री धरणेन्द्र, श्री पद्मावती सहित पंचामृत अभिषेक पूर्ण करके पद्मावती देवी की मूर्ति को दूसरे एक ऊँचे आसन पर विराजमान करें। नाना प्रकार के वस्त्रालंकारों से उनका शृंगार करें। दीप, धूप, फूलों के हार, केले के खम्भ इत्यादि साधनों से मण्डप सजावें, हल्दी, कुंकुम, भीगे हुये चने आदि लेकर पंचोपचार पूजा करें। बाद में श्री पद्मावती महादेवी को मणि मंगलसूत्र आदि आभूषण पहनावें। फिर आटे के दो दीपक सहित जयमाला बोलकर तीन प्रदक्षिणाएँ देकर पूर्णार्घ्य चढ़ावें। तदनन्तर महादेवी के मंत्र की आरती करके शांति भक्तिपूर्वक विसर्जन करें। फिर सप्त शुक्रवार की कथा सुनें। श्री पद्मावती के सहस्त्र-नाम के प्रत्येक बीजाक्षर मंत्र को बोलकर एक-एक चुटकी कुंकम या लवंग पुष्प चढ़ावें। प्रत्येक शतक में अर्घ्य चढ़ावें, गंधोदक सेचन करें। "ॐ आं क्रों ह्रीं ऐंक्ली हंसौं श्री पद्मावती दैव्ये नमः, मम सर्व विघ्नोपशांतिं कुरु कुरु स्वाहा।" इस मंत्र का लाल कनेर के फूलों से १०८ बार त्रिकाल जाप करें। यदि कनेर के फूल उपलब्ध न हों तो जाती व गुलाब पुष्प से जाप करें। आखिरी शुक्रवार को ऊपर कही गयी सारी क्रिया परिपूर्ण करके श्री पद्मावती माता को साड़ी पहनावें, षोडशालंकार से

श्रृंगार कराएँ और नीचे लिखी सामग्री लेकर उनकी गोद भरें। पाँच हरी चूड़ियाँ पहनावें, पाँच हल्दी गाँठ, पाँच खोपरा, कुंकुम के पाँच चौपड़े, पाँच नींबू, पाँच केले, पाँच छुहारे, पाँच मखाने, बतासे आदि इस प्रमाण को लेकर उत्तम नारियल तथा चोली का वस्त्र लेकर गेहूँ या चावल से पाँच सुवासनी स्त्रियों द्वारा गोद भराएँ।

गोद भरते वक्त नीचे लिखा मन्त्र पढ़ें -

जयस्फटिक रुपदभामनी, पद्मावती अवहरिणी।
धरणेन्द्रराज कुलयक्षिणी, दीर्घ आयुरारोग्यरक्षिणी।।

उसके बाद कुटुम्बीजनों को भीगे चने, हल्दी, कुंकुम, मखाना, बतासा, गुड़, खोपरा, पान, सुपारी इत्यादि गोद का प्रसाद बोलकर बाँटे। एकत्र सौभाग्यवती स्त्रियों को हल्दी कुंकुम लगाएँ। बाद में जय-जयकार करके मंगल गीत गाजे-बाजे के साथ गा, घर वापिस आएँ। इस प्रकार पाँच वर्ष पर्यन्त यह व्रतविधि पूर्ण होने पर उद्यापन करें।

उद्यापन विधि - पाँचकोनी कुम्भों की स्थापना करें। पाँच कलश स्थापित करें। पंचवर्णी रेशमी सूत बाँधकर पाँच कोने तैयार करें। चारों दिशाओं में केले के खम्भ खड़े करें। हाँडी, गोला, झाड़ आदि से सजावट करें, आटे के दीपक से आरती उतारें, चमर ढलावें, कुंकुम मिश्रित अक्षत एवं फूलों की वृष्टि करें। श्री पद्मावती देवी का विधान करें। पाँच पकवान के पाँच नैवेद्य अर्पण करें। श्री देव, शास्त्र, गुरु, पद्मावती देवी और सुवासिनी बहिन को दोने में फूल रखकर, फूल पर कुंकुम और मोती रखकर चढ़ावें और देवें। पाँच-पाँच मंगल वस्तुएँ श्री जिन मंदिर में चढ़ावें। आर्यिका को आहारदान तथा वस्त्रदान करें। पाँच दम्पती को इच्छित भोजन देकर सन्तुष्ट करें। इस प्रकार से यदि उद्यापन करने की शक्ति न हो तो दूना व्रत करें। ऐसा करने से उद्यापन करने का फल मिलता है।

माँ, बाप, बहिन, भाई, ननद, देवर, जेठानी, सास, ससुर सबके आशीर्वाद से पति परमेश्वर का आखिर तक अच्छा सहवास मिले। सुसंतान सहित सुखी संसार बने, आनन्द से समय बीते, साथ-साथ धन और संतान की वृद्धि, आरोग्यता, दीर्घ आयु एवं भूत पिशाचादिक का भयनाश इत्यादि सुखों की प्राप्ति होकर चारों तरफ कीर्ति फैलती है। इस व्रत की महिमा

अपरम्पार है। परन्तु श्री जिन-धर्म पर एकनिष्ठ भक्ति रखें। जीवनपर्यन्त श्री पद्मावती माताजी की सेवा नियमित रूप से करने की परम्परा से मोक्ष मार्ग की सिद्धि होती है।

स्त्रियों के लिए कुमारी अवस्था में "आत्मकुंकुम" हल्दी और यौवन अवस्था में 'सप्तकुंकुम' निश्चय से दुर्गति निवारक है, परन्तु इस जन्म में भी -

"कज्जल कुंकुम कांच कवरी कर्णशेखरम् ।
एवं पंच प्रकीर्त्यानि ककाराणि पुरन्ध्रीणाम् ।"

अर्थ - काजल, कुंकुम, काँच, चोटी एवं कर्णफूल ये।

सौभाग्यवती स्त्री के प्रसाधन कहे गये हैं। सौभाग्यवती कहलाने वाली महाभाग्यवती को ऊपर कहे पाँच ककार की जीवन के आखिर तक प्राप्ति होती है। अखण्ड सौभाग्यवती कहलाकर बड़े गौरव से उसका आयुपर्यन्त यश फैलता है। "आत्मकुंकुम" सप्तकुंकुम इन व्रतों के महत्व का वर्णन श्री धरणेन्द्र देवराज की चंचल जिह्वा द्वारा भी किया जाना अति कठिन है। यह महाकल्याणकारी है। बरसाती तुच्छ नदी के प्रवाह के समान क्षणभंगुर जीवन को निस्सार समझकर संसार बढ़ाना मूर्खता है। इस भवसागर से पार होने के लिए विचारशील व्यक्ति को यह व्रत करणीय है। इसलिए महिलागण इस व्रत के पालन में अबला की तरह अति कोमल न हों। स्त्री जन्म को इसी भव में सार्थक कर लें। अगला जन्म उच्च कुल में होगा, ऐसा निश्चय से नहीं कहा जा सकता, इसलिए नर से नारायण बनने का यही उत्तम साधन है। बार-बार नरभव प्राप्त नहीं होता, इसलिए जागरूक होकर उत्साह व प्रसन्नता से व्रत धारण करें, उससे सुख की प्राप्ति होगी। इस प्रकार रुक्मावती ने मुनीश्वर के मुखारविन्द से व्रत का माहात्म्य, विधि और फल सुनकर अपनी दरिद्रता की बिना परवाह किये मुनिराज के पास व्रत लेने का मन में निश्चय किया। उसने मुनिराज को नमोऽस्तु करके अपना भाव व्यक्त किया। मुनिराज ने पंचपरमेष्ठि की साक्षी में उसको व्रत दिया। श्री गुरुमुख से व्रत लेकर प्रसन्न मन से रुक्मावती घर गयी और शक्य साधन सामग्री से व्रत शुरु किया। उसी गाँव में उसका गुरुदेव नाम का भाई रहता था। वह बड़ा सेठ था। उसने अपने पुत्र के यज्ञोपवीत संस्कार के

निमित्त गाँव के सारे नागरिकों को एक सप्ताह पर्यन्त इच्छित भोजन कराकर संतुष्ट करने के भाव से घर-घर निमंत्रण भेजा, परन्तु अपनी बहन को निमंत्रण नहीं भेजा क्योंकि वह दरिद्र थी। अगर आयेगी तो देखकर लोक में निन्दा होगी, सोचकर उसे याद तक नहीं किया। गाँव के छोटे-बड़े सब लोग खा-पीकर जब उसी के दरवाजे के सामने से जाने लगे तो उसे आश्चर्य हुआ और सोचने लगी कि मैं और मेरा भाई एक ही हाड़-मांस, रक्त, पिण्ड के हैं। उसने सब लोगों को तो संतुष्ट किया है, मैंने उसके ऐसे क्या घोड़े मारे हैं ? फिर सोचा काम की धाँधली में भूल गया होगा, इसलिए बेकार उस पर रोष करके अपने सोने जैसे भाई को दोष देना ठीक नहीं। निमंत्रण नहीं भेजा तो क्या हुआ, भाई ही का तो घर है, जाने में क्या हर्ज है। ऐसा विचार करके वह बाल-बच्चों सहित जीमने गयी। बच्चों को सामने लेकर स्त्रियों की पंगत में बैठी। थोड़ी देर बाद उसका भाई, कौन आया कौन रहा, यह जानने के लिए वहाँ घूम रहा था, उसका ध्यान बहिन की तरफ गया तो पास आया और गुस्से में बोला, बहिन, तू आज यहाँ कैसे आयी ? तेरी गरीबी के कारण मैंने जानकर तुझे नहीं बुलाया। तेरे पास न अच्छे कपड़े हैं, न गहने। तुझे ऐसी दरिद्र देखकर मुझे लोग हँसेंगे। इसलिए आज आयी तो आयी मगर कल मत आना, समझी ? बहिन बेचारी लज्जित होकर नीची गरदन कर, खाकर बच्चों को लेकर घर गई। दूसरे दिन भी बच्चे कहने लगे, माँ आज भी मामा के यहाँ खाने के लिए जायेंगे। यह सुनकर माँ के पेट में खलबली मची। उसने बच्चों को बहुत डाँटा। मगर वे माने नहीं, उनकी हठ के कारण फिर मन में विचार किया कि कैसा भी हो अपना भाई ही तो है, बोला तो क्या हुआ, अपनी गरीबी है तो सुनना ही पड़ेगा। मगर आज का निर्वाह तो होगा, सोचकर दूसरे दिन भी बच्चों को लेकर भाई के घर गई और खाने को बैठी। कल की तरह ही भाई की सवारी पंगत में आने पर उसने उसे देखा और बोला, बहिन कैसी भिखारिन है ? कल तुझे मना किया था तो भी आज सुअरनी की तरह बच्चों को लेकर आ गयी ? तुझे शर्म कैसे नहीं आयी ? आज आयी तो आई अगर फिर कल आई तो हाथ पकड़कर निकाल दूँगा। उसने यह चुपचाप सुन लिया और खाने के बाद उठकर अपने घर चली गयी। तीसरे दिन भी इसी प्रकार हुआ। तब

भाई को खूब गुस्सा आया और उसने उसको धक्के देकर बाहर निकाल दिया। उसे बड़ा दुःख हुआ। घर आकर फूट-फूटकर रोयी। उसके मन में विचार आया कि मैंने कौन-सा घोर पाप किया जिससे इस जन्म में मुझे घोर दरिद्रता की मार पड़ रही है। सच है अनन्त जन्मों के पापों की राशि इस दरिद्रता की अवस्था है। इसकी अपेक्षा तो मुझे नरक के दुःखों में भुन जाना ही अच्छा होता। अब यह यम यातना सही नहीं जाती। इससे तो मरण अच्छा क्योंकि वह तो एक बार ही भोगना पड़ता है। परन्तु दरिद्रता का दुःख जीवनपर्यन्त भोगना पड़ता है, धिक्कार है, मेरे ऐसे जीने को। हे पद्मावती देवी। हे अम्बिका माता। तू ही मेरी सहायता कर माँ। मुझे जगत में किसी का आधार नहीं, आसरा दे माता। इस प्रकार करुण क्रन्दन करके वह खूब रोई, रोते-रोते उसे नींद आ गयी। नींद में उसे स्वप्न आया। उसके रुदन की ध्वनि श्री पद्मावती देवी के कानों पर जा टकराई, महादेवी तत्काल मुकुट, कुण्डल, हार आदि पहन, एक हाथ में धर्मचक्र लिए हुये जगमगाती पोशाक पहन उसके पास आकर खड़ी हो गयी और कहने लगी - हे महाभागे। तू दुःखी न हो, घबरा मत, तू जो आचरण कर रही है उस सप्त शुक्रवार व्रत को मैं अच्छी तरह जानती हूँ। आज तुझे दरिद्रता सम्बन्धी अतिशय दुःख हुआ है, तथापि तेरा कष्ट अत्यन्त तेज से युक्त है -

कष्टाधीनं हि दैवं, दैवाधीनं सुकृतफलं तथैव ।
"सुज्ञावाक्या चरिता भुक्ति : मुक्ति : तदधीना ।"

अर्थ - कष्टाधीन दैवयोग है। दैवाधीन ही पुण्य का फल है इसलिए महान पुरुषों के द्वारा कथित मार्ग पर चलना चाहिए। उसके अधीन संसार के भोग व मुक्ति हैं। तू ध्यान दे और एक निष्ठापन से श्री जिन परमात्मा का चिन्तन कर, उससे तेरा कल्याण होगा। ऐसा कहकर वह देवी अदृश्य हो गयी। रुक्मावती ने नींद से जागकर देखा तो वहाँ कोई नहीं दिखाई दिया। यह क्या चमत्कार है ? कहकर वह उठ बैठी, मगर उसका मस्तक शून्य हो गया। उसे कुछ भी नहीं सूझा तो फिर वह जिन मंदिर में जाकर शांतचित् से श्री पद्मावती महादेवी का मुखकमल देखने लगी। तब उसे वह मूर्ति हँसती हुई दिखायी दी। उस वक्त रुक्मावती दोनों हाथ जोड़ विनती करने लगी, हे देवी। महामाते। अम्बिके। पद्मावती माता।।

शरण मी पाया धांवगे धांव या ठाया ।।
अनाथ झाली तुमची दुहिता । भूवरी नुरला मजला त्राता ।।
भाऊ-भाऊ म्हणुनि आता । कोठे जाऊ । तुझेचि मनमनवाहू ।।

अर्थ - मैंने तुम्हारी शरण को पाया है। मेरी रक्षा करो, मुझे सन्मार्ग पर लगाओ। तुम्हारी लड़की अनाथ है। इस जगत में मेरा कोई रक्षक नहीं रहा। भाई, भाई, कहती हुई अब कहाँ जाऊँ, मैंने तुम्हें ही अपने मन में धारण किया है।

इस प्रकार बहुत देर तक प्रार्थना व भक्ति करने के बाद उसे भान हुआ कि घर में बच्चे भूख से व्याकुल होंगे, सोचकर ध्यान से उठी और घर को चली। घर आकर देखा कि बच्चे कामदेव के अवतार के समान दिख रहे हैं। घर में धन धान्य की भरभराहट होने लग रही है, जगह-जगह वैभव खुलने लग रहे हैं। हर एक काम में यश वृद्धि हो रही है और सामने नयी नवकोनी हवेली बनकर तैयार है। घर में लक्ष्मी की बाढ़ ऐसी आयी हुई है कि शायद सावन मास में बहने वाली नदी का प्रवाह भी उससे कम ही होगा। जहाँ तहाँ आनन्द है। सच देखा जाये तो उसे दो वक्त के खाने की भी मारामार थी वहाँ अब पाँच पकवान की थालियाँ भरी दिखने लगी हैं। अनेक प्रकार के ऐश्वर्य प्राप्त हैं। सब तरह से घर में भरभराहट है। उसकी कीर्ति दूर-दूर तक फैल गयी है। यह कीर्ति सुनकर उसका भाई आश्चर्यचकित हुआ। अपनी बहिन का आदर सत्कार करना चाहिए, विचार कर स्वयं उसके घर आया और बहिन से बोला, बड़ी बहिन, तुम कल मेरे घर खाने को आना। ना मत करना, तुम आओगी तो ही खाना खाऊँगा, नहीं तो मैं भी खाना नहीं खाऊँगा, समझी ? बहिन ने सोचा - चलो, अपना भाई बड़े सम्मान से बुलाता है, अब हम श्रीमंत हुए तो गर्व नहीं करना, इसका इस समय अपमान करना ठीक नहीं। सिर्फ इसको अपने किये हुए का पश्चात्ताप हो और सन्मार्ग प्रर्वतक होकर अहंकार छोड़े, ऐसा विचारकर वह अच्छे गहने तथा बढ़िया ओढ़नी पहनकर उत्तम शृंगार कर सम्मान से भाई के घर गयी। भाई बड़ी आस्था से राह देख रहा था। उसके आने के साथ उसे पाँव धोने को गरम जल दिया। पाँव पोंछने को रुमाल दिया। थाली परोसने पर दोनों बहिन-भाई बड़े प्रेम से पास-पास खाने को बैठे। बिछे हुए

पाटे पर बहिन ने बदन पर से ओढ़नी उतारकर रक्खी, भाई ने समझा गरमी लगती होगी। बाद में उसने शरीर पर से गहने उतारकर रक्खे। भाई ने सोचा अपनी कोमल बहिन को बोझ लगता होगा सो उतारे हैं। परन्तु उसके बाद बहिन ने पहला चावल का ग्रास उठाया और ओढ़नी पर रक्खा। पूरण पोली उठाई और हार पर रक्खी। भाजी उठाई कण्ठी पर रक्खी, लड्डू उठाया भुजाबंद पर रक्खा, जलेबी उठायी मोती के कंगन पर रक्खी। यह देखकर भाई ने पूछा, बड़ी बहिन! तुम यह क्या करती हो ? बहिन ने शान्त मुद्रा से कहा, मैं जो करती हूँ वह ठीक है। जिनको तुमने खाने को बुलाया है उनको मैं खाना दे रही हूँ। उसको कुछ समझ में नहीं आया, फिर उसने विनती की, बहिन! अब तो तुम खाओ। तब बहिन ने कहा, हे भाई साहब! आज मेरा खाना नहीं है, इस लक्ष्मी बहिन का है, मेरा खाना मैं पहिले ही खा चुकी हूँ। ऐसा सुनकर भाई के मन में पश्चात्ताप हुआ। उसने उसके पाँव पकड़े, बीती हुई गलती की क्षमा माँगी। बहिन भी उस समय बहुत दुःखी हुई और दोनों आपस में गले मिले। बाद में दोनों आनन्द से खाने बैठे। मन में जो शल्य था वह निकाल दिया। जिनकी कृपा के प्रभाव से अपार सम्पत्ति प्राप्त हुई उन पद्मावती माता जी की दोनों कुल के छोटे-बड़े सभी कुटुम्बीजन सेवा करने लगे और अपनी अनगिनत सम्पत्ति का उपयोग अनेक व्रत उद्यापन, चतुर्विध संघ को दान, जिन मंदिर जीर्णोद्धार, सिद्ध क्षेत्र-क्षेत्रादिक सम्बन्धी धर्म कार्यों में करने लगे। सहस्त्रनाम मंत्र का क्रम से कुंकुम अर्चन करने लगे। इन सब परिणामों को देखकर वहाँ के राजा ने भी भक्ति से दृढ़ होकर जिन धर्म की खूब ठाट-बाट से प्रभावना की। बाद में थोड़े समय में सर्व-कुटुम्बीजनों ने राजा सहित जिन दीक्षा धारण कर घोर तप किया और वे चतुर्गति का नाशकर अंत में मोक्ष को गए।

।। इतिसप्त शुक्रवार व्रत विधान कथा सम्पूर्णा ।।

सर्वोपद्रव-शान्तिकरण मंत्र

मंत्र - ॐ अरहंताणं जिणाणं भगवंताणं महापभावाणं होउ नमो, ॐ माई साहिं तो सव्व दुःक्खहरौ, जोहिजिणाणंपभावो पर मिट्डीणंच जंच माहप्पं संघं मि जोणु भावो अवयर उज्लं मिसोइथ।

विधि - इस मंत्र से पानी २१ बार मंत्रित कर पिलाने से सर्व प्रकार के रोग, डाकिनी, शाकिनी, भूत, प्रेत इत्यादि शांत होते हैं।

मंत्र - ॐ ह्री श्री क्लीं ब्लूं ऐं अर्हं नमः।

विधि - इस मंत्र का सवा लाख जाप करें तो सर्व प्रकार के कार्य सिद्ध होते हैं। सर्व रोग शांत होते हैं।

मंत्र - ॐ क्षां क्षीं क्षूं क्षे क्षौं क्षः क्षेत्रपालाय नमः।

विधि - इस मंत्र का साढ़े बारह हजार जाप करने से क्षेत्रपाल प्रत्यक्ष दर्शन देकर वरदान देते हैं।

मंत्र - ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं क्रों ॐ घंटाकर्ण महावीर लक्ष्मीं पूरय पूरय सुख सौभाग्यं कुरु कुरु स्वाहा।

विधि - धनतेरस की रात को ४० माला, चौदस को ४२ माला और दिवाली के दिन ४३ माला उत्तर दिशा की ओर मुख करके लाल माला से लाल वस्त्र पहनकर करें तो लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

मंत्र - ॐ आं क्रों ह्रीं क्लीं ह्यौं पद्मावत्यै नमः।

विधि - इस मंत्र का सवा लाख विधिपूर्वक जप करने से देवी जी प्रत्यक्ष दर्शन देती हैं और साढ़े बारह हजार जाप करने से स्वप्न में दर्शन देती हैं।

मंत्र - ॐ ऐं श्रीं क्लीं वद्-वद् वाग्वादिनी ह्रीं सरस्वत्यै नमः।

विधि - इस मंत्र की ५ माला नित्य फेरने से अतिशय बुद्धिमान होता है। विद्या बहुत आती है।

सरसों, हींग, नीम के पत्ते, वच और सर्प की केंचुली, इन सबको कूटकर धूप बना लें व उस धूप को खेने से शाकिनी आदि दोष दूर होते हैं।

सफेद आक (अर्क) की जड़ को कान में बाँधने से सर्प विष दूर होता है। श्वेत कंटकारि की जड़ को पुष्य नक्षत्र में लेकर एक वर्ण वाली गाय के दूध के साथ पीवे तो बंध्या भी पुत्रवती होती है।

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।

मंगलाष्टक

श्रीमन्नम्रसुरासुरेंद्रमुकुट-प्रद्योतरत्नप्रभा
भास्वत्पादनखेन्दवः प्रवचनावोधी-न्दवः स्थायिन :।
ये सर्वे जिनसिद्धसूर्यानुगतास्ते पाटकाः साधवः
स्तुत्या योगिजनैश्च पंचगुरवः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।१।।
सम्यग्दर्शनवोधवृत्तममलं रत्नत्रयं पावनं
मुक्तिश्रीनगराधिनाथजिनपत्युक्तोपवर्गप्रदः
धर्मः सूक्तिसुधा च चैत्यमखिलं चैत्यालयं श्रयालयं
प्रोक्तं च त्रिविधं चतुर्विधममी कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।२।।
नाभेयादिजिनाधिपास्त्रिभुवनख्याताश्चतुर्विंशतिः
श्रीमन्तो भरतेश्वरप्रभृतयो ये चक्रिणो द्वादश।
ये विष्णु-प्रतिविष्णु-लांगलधराः सप्तोत्तराः विंशति -
स्त्रैकाल्ये प्रथितास्त्रिषष्टिपुरुषाः कुर्वन्तु मे(ते) मंगलम्।।३।।
देव्योऽष्टौ च जयादिका द्विगुणिता विद्यादिका देवताः
श्रीतीर्थंकरमातृकाश्च जनका यक्षाश्च यक्ष्यस्तथा।
द्वात्रिंशत्त्रिदशाधिपास्तिथिसुरा दिक्कन्यकाश्चाष्टधा,
दिक्पाला दश चेत्यमी सुरगणाः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।४।।
ये सर्वौषधऋद्धयः सुतपसो वृद्धिंगताः पंच ये,
ये चाष्टांगमहानिमित्तकुशला येऽष्टविधाश्चारणाः।
पंचज्ञानधरास्त्रयोऽपि वलिनो ये वुद्धिऋद्धीश्वराः
सप्तैते सकलार्चिता गणभृतः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम्।।५।।

कैलासे वृषभस्य निर्वृतिमही वीरस्य पावापुरे,
चम्पायां वसुपूज्यसज्जिनपतेः सम्मेदशैलेऽर्हतां ।
शेषाणामपि चोर्जयंतशिखरे नेमीश्वरस्यार्हतो,
निर्वाणावनयः प्रसिद्धविभवाः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम् ।। ६ ।।
ज्योतिर्व्यन्तरभावनामरगृहे मेरौ कुलाद्रौ तथा,
जम्बूशाल्मलिचैत्यशाखिषु तथा वक्षाररुप्याद्रिषु ।
इष्वाकारगिरौ च कुण्डलनगे द्वीपे च नन्दीश्वरे,
शैले ये मनुजोत्तरे जिनगृहाः कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम् ।। ७ ।।
ये गर्भावतरोत्सवो भगवतां जन्माभिषेकोत्सवो,
यो जातः परिनिष्क्रमेण विभवो यः केवलज्ञानभाक् ।
यः कैवल्यपुरप्रवेशमहिमा संभावितः स्वर्गिभिः,
कल्याणानि च तानि पंच सततं कुर्वन्तु मे (ते) मंगलम् ।। ८ ।।
इत्थं श्रीजिनमंगलाष्टकमिदं सौभाग्यसम्पत्प्रदं
कल्याणेषु महोत्सवेषु सुधियस्तीर्थकंराणामुषः ।
ये शृण्वन्ति पठन्ति तैश्च सुजनैर्धर्मार्थकामान्विता
लक्ष्मीराश्रयते व्यपायरहिता निर्वाणलक्ष्मी ।। ६ ।।
।। इति श्रीमंगलाष्टकम् ।।

पंचामृत अभिषेक पाठ

श्रीमज्जिनेन्द्रमभिवन्द्य जगत्त्रयेशं, स्याद्वादनायकमनन्तचतुष्टयार्हम्
श्रीमूलसंघसुदृशां सुकृतैकहेतुर्जैनेन्द्रयज्ञविधिरेष मयाभ्यधायि ।। १ ।।
ॐ ह्रीं क्ष्वीं भूः स्वाहा स्नपनप्रस्तावनाय पुष्पांजलिः ।।
(नीचे लिखे श्लोक को पढ़कर आभूषण और यज्ञोपवीत धारण करना।)
श्रीमन्मन्दरसुन्दरे (मस्तके) शुचिजलैर्धौतैः सदर्भाक्षतैः,
पीठे मुक्तिवरं निधाय रचितं तत्पादपद्मस्रजः ।
इन्द्रोऽहं निजभूषणार्थकमिदं यज्ञोपवीतं दधे,
मुद्रांककणशेखराण्यपि तथा जन्माभिषेकोत्सवे ।। २ ।।
ॐ ह्रीं श्वेतवर्णे सर्वोपद्रवहारिणि सर्वजनमनोरंजिनी परिधानोत्तरीयं धारिणि हं हं झं झं सं सं तं तं पं पं परिधानोत्तरीयं धारयामि स्वाहा ।

ॐ नमो परमशान्ताय शांतिकराय पवित्रीकृताय अहं रत्नत्रयस्वरुपं यज्ञोपवीतं धारयामि मम गात्रं पवित्रं भवतु ह्रीं नमः स्वाहा।

(तिलक लगाने का श्लोक)

सौगंध्यसंगतमधुव्रतझङ्कृतेन
संवर्ण्यमानमिव गंधमनिंद्यमादौ।
आरोपयामि विबुधेश्वरवृन्दवन्द्यं
पादारविंदमभिवंद्य जिनोत्तमानाम्।।३।।

(भूमि प्रक्षालन का श्लोक)

ये सन्ति केचिदिह दिव्यकुलप्रसूता,
नागा प्रभूतबलदर्पयुता भुवोऽधः।
संरक्षणार्थममृतेन शुभेन तेषां,
प्रक्षालयामि पुरतः स्नपनस्य भूमिम्।।४।।

ॐ ह्रीं जलेन भूमिशुद्धिं करोमि स्वाहा।।

(पीठ प्रक्षालन का श्लोक)

क्षीरार्णवस्य पयसां शुचिभिः प्रवाहैः,
प्रक्षालितं सुरवरैर्यदनेकवारम्।
अत्युत्तममद्य तदहं जिनपादपीठं,
प्रक्षालयामि भवसम्भवतापहारि।।५।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतरजलेन पीठप्रक्षालनं करोमि स्वाहा।।

(पीठ पर श्रीकार वर्ण लेखन)

श्रीशारदासुमुखनिर्गतबीजवर्ण
श्रीमंगलीकवरसर्वजनस्य नित्यं।
श्रीमत्स्वयं क्षपति तस्य विनाशविघ्नं
श्रीकारवर्णलिखितं जिनभद्रपीठे।।६।।

ॐ ह्रीं श्रीकारलेखनं करोमि स्वाहा।।

(अग्निप्रज्वालन क्रिया)

दुरन्तमोहसन्तानकान्तारदहनक्षमम्
दर्भैः प्रज्वालयाम्यग्नि ज्वालापल्लविताम्बरम्।।७।।

ॐ ह्रीं अग्निं प्रज्वालयामि स्वाहा।।

(दशदिक्पाल को आह्वान)

इन्द्राग्निदण्डधरनैर्ऋतपाशपाणि -
वायूत्तरेण शशिमौलिफणीन्द्रचन्द्राः ।
आगत्य यूयमिह सानुचराः सचिह्नाः ।
स्वं स्वं प्रतीच्छत बलिं जिनपाभिषेके ।। ८ ।।

(दशदिक्पाल के मंत्र)

ॐ आं क्रौं ह्रीं इन्द्र आगच्छ आगच्छ, इन्द्राय स्वाहा ।। १ ।।
ॐ आं क्रौं ह्रीं अग्ने आगच्छ आगच्छ, अग्नये स्वाहा ।। २ ।।
ॐ आं क्रौं ह्रीं यम आगच्छ आगच्छ, यमाय स्वाहा ।। ३ ।।
ॐ आं क्रौं ह्रीं नैर्ऋत आगच्छ आगच्छ, नैर्ऋताय स्वाहा ।। ४ ।।
ॐ आं क्रौं ह्रीं वरुण आगच्छ आगच्छ, वरुणाय स्वाहा ।। ५ ।।
ॐ आं क्रौं ह्रीं पवन आगच्छ आगच्छ, पवनाय स्वाहा ।। ६ ।।
ॐ आं क्रौं ह्रीं कुबेर आगच्छ आगच्छ, कुबेराय स्वाहा ।। ७ ।।
ॐ आं क्रौं ह्रीं ऐशान आगच्छ आगच्छ, ऐशानाय स्वाहा ।। ८ ।।
ॐ आं क्रौं ह्रीं धरणेंद्र आगच्छ आगच्छ, धरणेंद्राय स्वाहा ।। ६ ।।
ॐ आं क्रौं ह्रीं सोम आगच्छ आगच्छ, सोमाय स्वाहा ।। १० ।।

नाथ त्रिलोकहिताय दशप्रकार-
धर्माम्बुवृष्टिपरिषिक्तजगत्त्रयाय ।
अर्घं महार्घगुणरत्नमहार्णवाय,
तुभ्यं ददामि कुसुमैर्विशदाक्षतैश्च ।। ६ ।।

ॐ ह्रीं इन्द्रादिदशदिक्पालकेभ्यो इदं अर्घ्यं पाद्यं गंधं दीपं धूपं चरुं बलिं स्वस्तिकं अक्षतं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतां स्वाहा ।।

(क्षेत्रपाल को अर्घ)

भो क्षेत्रपाल ! जिनप्रतिमांकभाल ।
दंष्ट्राकराल जिनशासनरक्षपाल ।।
तैलाहिजन्मगुडचन्दनपुष्पधूपै-
र्भोगं प्रतीच्छ जगदीश्वर यज्ञकाले ।।

विमलसलिलधारामोदगन्धाक्षतोघैः,
प्रसवकुलनिवेद्यैर्दीपधूपैः फलौघैः ।

पटहपटुतरौघैः वस्त्रसद्भूषणौघैः
जिनपतिपदभक्त्या ब्रह्मणं प्रार्चयामि ।। १० ।।

ॐ आं क्रौं अत्रस्थ विजयभद्र- वीरभद्र-मणिभद्र-भैरवापराजित-पंचक्षेत्रपालाः इदं अर्घ्यं पाद्यं गंधं दीपं धूपं चरुं बलिं स्वस्तिकं अक्षतं यज्ञभागं च यजामहे प्रतिगृह्यतां प्रतिगृह्यतामिति स्वाहा ।।

(दिक्पाल और क्षेत्रपाल को पुष्पांजली)

जन्मोत्सवादिसमयेषु यदीयकीर्ति,
सेन्द्राः सुराः प्रमदभारनता स्तुवन्ति ।
तस्याग्रतो जिनपतेः परया विशुद्धया
पुष्पांजलिं मलयजार्द्रमुपाक्षिपेऽहम् ।। ११ ।।

(जहां भगवान विराजमान करेंगे) इति पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।।

(कलशस्थापन और कलशों में जलधार देना)

सत्पल्लवार्चितमुखान् कलधौतरुप्य-
ताम्रारकूटघटितान् पयसा सुपूर्णान् ।
संवाह्यतामिव गतांश्चतुरः समुद्रान्
संस्थापयामि कलशान् जिनवेदिकान्ते ।। १२ ।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पद्म महापद्म तिगिंच्छ केशरी महापुण्डरीक पुण्डरीक गंगा सिन्धु रोहिद्रोहितास्या हरिद्धरिकान्ता सीता सीतोदा नारी नरकान्ता सुवर्णकूला रूप्यकूला रक्ता रक्तोदा क्षीराम्भोनिधिशुद्धजलं सुवर्णघटं प्रक्षालितं परिपूरितं नवरत्नगंधपुष्पाक्षताभ्यर्चितमामोदकं पवित्रं कुरु कुरु झ्रौं झ्रौं वं मं हं सं तं पं द्रां द्रीं अ सि आ उ सा नमः स्वाहा।

(अभिषेक के लिये प्रतिमा जी को अर्घ चढ़ाना)

उदकचन्दनतंदुलपुष्पकैश्चरुसुदीपसुधूपफलार्घकैः ।
धवलमंगलगानरवाकुले, जिनगृहे जिननाथमहं यजे ।। १३ ।।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणेऽनन्तानन्तज्ञानशक्तये अष्टादशदोषरहिताय षट्चत्वारिंशद् गुणसहिताय अर्हत्परमेष्ठिने अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति **स्वाहा ।।**

(बिम्बस्थापना)

यं पांडकामलशिलागतमादिदेव
मस्नापयन् सुरवराः सुरशैलमूर्ध्नि ।
कल्याणमीप्सुरहमक्षततोयपुष्पैः
संभावयामि पुर एव तदीयबिम्बम् ।। १४ ।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं श्रीवर्णे प्रतिमास्थापनं करोमि स्वाहा ।

(मुद्रिकास्वीकार)

प्रत्युप्तनीलकुलिशोपलपद्मराग-
निर्यत्करप्रकरबद्धसुरेन्द्रचापम् ।
जैनाभिषेकसमयेऽङ्गुलिपर्वमूले ।
रत्नाङ्गुलीयकमहं विनिवेशयामि ।। १५ ।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं अ सि आ उ सा नमः मुद्रिकाधारणं ।।

(जलाभिषेक १)

दूरावनम्रसुरनाथकिरीटकोटि-
संलग्नरत्नकिरणच्छविधूसरांघ्रिम्
प्रस्वेदतापमलमुक्तमपि प्रकृष्टै-
र्भक्त्या जलैर्जिनपतिं बहुधाभिषिंचे ।। १६ ।।

मंत्र - (१) ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वं मं हं सं तं पं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं झं झं इवीं इवीं क्ष्वीं क्ष्वीं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतरजलेन जिनमभिषेचयामि स्वाहा।

मंत्र - (२) ॐ ह्रीं श्रीमंतं भगवंतं कृपालसन्तं वृषभादि वर्धमानान्तं चतुर्विंशतितीर्थंकरपरमदेवं आद्यानां आद्ये जम्बूद्वीपे भरतक्षेत्रे आर्यखंडे— देशे— नाम नगरे एतद् —— जिनचैत्यालये सं —— मासोत्तम मासे — पक्षे तिथौ —— वासरे प्रशस्त-ग्रहलग्न-होरायां मुनि-आर्यिका-श्रावक-श्राविकाणाम् सकलकर्मक्षयार्थं जलेनाभिषेकं करोमि स्वाहा। इति जलस्नपनम्।

नोट : पिछले पृष्ठ के मन्त्र संख्या १३ में से कोई एक मंत्र बोलना चाहिये। अर्घ - उदक चंदन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(शर्करारसाभिषेक २)

मुक्त्यंगनानर्मविकीर्यमाणैः पिष्टार्थकर्पूररजोविलासैः।
माधुर्यधुर्यैर्वरशर्करारौघैर्भक्त्या जिनस्य वरसंस्नपनं करोमि ।। १७ ।।

मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति शर्करास्नपनम्।

अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

भक्त्या ललाटतटदेशनिवेशितोच्चैः,
हस्तैः स्तुता सुरवरासुरमर्त्यनाथैः।
तत्कालपीलितमहेक्षुरसस्य धारा,
सद्यः पुनातु जिनबिम्बगतैव युष्मान् ।। १८ ।।

मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति इक्षुरसस्नपनम्।

अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

नालिकेरजलैः स्वच्छैः शीतैः पूतैर्मनोहरैः।
स्नानकियां कृतार्थस्थ विदधे विश्वदर्शिनः ।। १६ ।।

मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति नालिकेररसस्नपम्।

अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

सुपक्वैः कनकच्छायैः सामोदैर्मोदकारिभिः।
सहकाररसैः स्नानं कुर्मः शर्मैकसद्मनः ।। २० ।।

मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति आम्ररसस्नपनम्।

अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(घृताभिषेक ३)

उत्कृष्टवर्ण-नव-हेम-रसाभिराम-
देहप्रभावलयसङ्गमलुप्तदीप्तिम्।
धारां घृतस्य शुभगन्धगुणानुमेयां
वन्देऽर्हतां सरभसं स्नपनोपयुक्ताम् ।। २१ ।।

मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति घृतस्नपनम्।

अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(दुग्धाभिषेक ४)

सम्पूर्ण-शारद-शशांकमरीचिजाल-
स्यन्दैरिवात्मयशसामिव सुप्रवाहैः।

क्षीरैर्जिनाः शुचितरैरभिषिच्यमानाः ।
सम्पादयन्तु मम चित्तसमीहितानि ।। २२ ।।
मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति दुग्धाभिषेकस्नपनम्।
अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(दध्यभिषेक ५)

दुग्धाब्धिवीचिपयसंचितफेनराशि-
पाण्डुत्वकांतिमवधीरयतामतीव ।
दध्नां गता जिनपतेः प्रतिमा सुधारा,
सम्पद्यतां सपदि वांछितसिद्धये वः ।। २३ ।।
मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति दधिस्नपनम्।
अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(सर्वौषधि ६)

संस्नापितस्य घृतदुग्धदधीक्षुवाहैः
सर्वाभिरौषधिभिरर्हत उज्ज्वलाभिः ।
उद्वर्तितस्य विदधाम्यभिषेकमेला-
कालीयकुंकुमरसोत्कटवारिपूरैः ।। २४ ।।
मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति सर्वौषधिस्नपनम्।
अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(चतुःकोणकुंभकलशाभिषेकः ७)

इष्टैर्मनोरथशतैरिव भव्यपुंसां, पूर्णैः सुवर्णकलशैर्निखिलावसानम् ।
संसारसागर विलंघनहेतु सेतुमाप्लावये त्रिभुवनैकपतिं जिनेन्द्रम् ।। २५
मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति चतुः कोणकुम्भकलशस्नपनम्।
अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(चन्दनलेपनम् ८)

संशुद्धशुद्धया परया विशुद्धया कर्पूरसम्मिश्रिततचन्दनेन ।
जिनस्य देवासुरपूजितस्य विलेपनं चारु करोमि भक्त्या ।। २६ ।।
मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति चन्दनलेपनं करोमीति स्वाहा।
अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

(पुष्पवृष्टि ९)

यस्य द्वादशयोजने सदसि सद्गंधादिभिः स्वोपमा-
नप्यर्थान्सुमनोगणान्सुमनसा वर्षति विश्वक् सदा ।
यः सिद्धिं सुमनः सुखं सुमनसां स्वं ध्यायतामावह-
स्तं देवं समुनोमुखैश्च सुमनोभेदैः समभ्यर्चये ।। २७ ।।

मंत्र - ॐ ह्रीं सुमनः सुखप्रदाय पुष्पवृष्टिं करोमि स्वाहा।

(मंगल आरति १०)

दध्युज्वलाक्षतमनोहरपुष्पदीपैः पात्रार्पितं प्रतिदिनं महतादरेण ।
त्रैलोक्यमंगल सुखालयकामदाहमारार्तिकं तव विभोरवतारयामि ।। २८ ।।

(इति मंगल आरति अवतरणम्)

(पूर्णसुगंधितकलशाभिषेक ११)

द्रव्यैरनल्पघनसार चतुःसमाढ्यैरामोदवासितसमस्तदिगंतरालैः ।
मिश्रीकृतेन पयसा जिनपुंगवानां त्रैलोक्यपावनमहं स्नपनं करोमि ।।
।।२९।।

मंत्र - ॐ ह्रीं —— इति पूर्णसुगंधिजलस्नपनम्।
अर्घ - उदकचन्दन —— अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।

अथ शांतिमंत्र

